आरोप — कांग्रेस ने अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक को सौंपा ज्ञापन, एफआईआर दर्ज कर निष्पक्ष कार्रवाई की मांग

# फर्जी आपत्तियां से कटवाए जा रहे मतदाताओं के नाम



**नवभारत, कटनी।** शहर के कई वार्डों में एसआईआर प्रक्रिया की आड़ में पात्र मतदाताओं के नाम हटवाने की साजिश की जा रही है। शहर कांग्रेस अध्यक्ष अमित शुक्ला ने कहा कि यह पूरा मामला लोकतंत्र पर सीधा हमला है। उन्होंने कहा कि शहर के कई वार्डों में गांवों में निवास करने वाले बाहरी व्यक्तियों द्वारा फॉर्म नंबर सात भरकर एक-एक वार्ड में 100 से 300 तक मतदाताओं के नाम कटवाने का प्रयास किया जा रहा है, जो पूरी तरह अवैधानिक है। उन्होंने कहा कि इससे भी गंभीर बात यह है कि जिन व्यक्तियों के नाम से आपत्तियां दर्ज कराई गई हैं, उनसे जब व्यक्तिगत रूप से पूछा गया तो उन्होंने साफ इनकार किया कि उन्होंने कोई आपत्ति नहीं लगाई है। इससे स्पष्ट होता है कि किसी संगठित गिरोह द्वारा फर्जी दस्तावेज तैयार कर आम नागरिकों का संवैधानिक मताधिकार छीना जा रहा है। जिला कांग्रेस कमेटी ने इस पूरे मामले को लेकर पुलिस अधीक्षक कार्यालय में ज्ञापन सौंपते हुए दोषियों के खिलाफ तत्काल एफआईआर दर्ज कर प्रकरण की निष्पक्ष जांच कराने और संबंधित अधिकारी-कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है। शहर कांग्रेस अध्यक्ष अधिवक्ता अमित शुक्ला ने कहा कि यदि पुलिस प्रशासन इस गंभीर मामले में शामिल व्यक्तियों और अधिकारियों और कर्मचारियों के पर प्रभावी कार्रवाई नहीं करता है, तो कांग्रेस कमेटी मजबूर होकर न्यायालय की शरण लेगी। उन्होंने कहा कि वोट हमारा संवैधानिक अधिकार है। कांग्रेस कार्यकर्ता और बीएलए लोकतंत्र के प्रहरी हैं। किसी भी कीमत पर जनता का अधिकार छीनने नहीं दिया जाएगा। ज्ञापन सौंपने के दौरान शहर कांग्रेस अध्यक्ष अधिवक्ता अमित शुक्ला, महिला अध्यक्ष रजनी वर्मा, वरिष्ठ कांग्रेस नेता राकेश जैन कक्का, राजा जगवानी, नशीर खान, आफताब अहमद, मंजू निषाद, जितेन्द्र गुप्ता, अजय जैसवानी, संजय खरे, अधिवक्ता शशि शेखर भारद्वाज, नारायण निषाद, मंगल सिंह, अहमद कुरैशी, श्याम यादव, विजय मंगल चौधरी, विवेक विरहा, जीतू विश्वकर्मा, प्रशांत पांडे, प्रेम कुमार पठारिया संजय गुप्ता, दिग्विजय सिंह, अदिता वर्मा, शशि यादव, रमेश प्यासी, अजय वर्मा, रमेश अहिरवार, शुभम सोनखरे, सलाहुद्दीन खान, गनपतलाल, अनुज सिंह, तरुण सिंह, वार्ड अध्यक्ष दीपक सिंह, ब्रजेश मौर्य, दिलदार खान, इमरान खान सहित कांग्रेस कार्यकर्ताओं की उपस्थित रहे।



# सड़क पर सामग्री रखने पर 36 सौ का जुर्माना

**शहर के मुख्य मार्गों से हटाया गया अस्थाई अतिक्रमण**

**नवभारत,कटनी।** शहर की यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए नगर निगम की टीम लगातार अस्थाई अतिक्रमण हटा रही है। अतिक्रमण शाखा की टीमों द्वारा मुख्य मार्गों, सार्वजनिक स्थलों, बाजार क्षेत्रों से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की जा रही है। अतिक्रमण प्रभारी मानेंद्र सिंह ने बताया कि मिशन चौक से सुभाष चौक तक कार्रवाई करते हुए सड़क किनारे सब्जी विक्रेताओं को हॉकर्स जोन भेजा गया। वहीं फल ठेला संचालकों को भी मार्ग से अलग और व्यवस्थित कर आवागमन को सुगम बनाने के लिए कार्यवाही की गई। वहीं शाम के समय नगर के विभिन्न बाजार क्षेत्रों गोल बाजार, झंडा बाजार, सिल्वर टाकीज रोड, रूई बाजार, गर्ग चैराहा, मुख्य स्टेशन मार्ग, स्टेट बैंक तिराहा, बरही रोड़, माधवनगर में अभियान चलाकर दुकानदारों द्वारा निर्धारित हद से बाहर सार्वजनिक मार्गो में रखी सामग्री को हटाकर जब्ती की कार्रवाई की गई है। साथ 12 दुकान संचालकों 36 सौ का जुर्माना लगाया गया है।

## एक नजर में

### अवैध शराब जब्त, चार पर दर्ज किया गया मामला

**नवभारत, कटनी।** पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में जिले में अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत माधवनगर, स्लीमनाबाद और बरही पुलिस ने दबिश देकर अवैध शराब को जब्त किया है। इस मामले में तीन लोगों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि माधवनगर थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम भिटौनी में पुलिस ने घेराबंदी कर नरेन्द्र लुनिया को पकड़ा है। आरोपी के कब्जे से 15 लीटर हाथ भट्ठी महुआ शराब जब्त की गई है, जिसकी अनुमानित कीमत करीब 25 सौ बताई जा रही है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किया है। वहीं स्लीमनाबाद पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर ग्राम चरगवां स्थित आम के बगीचे के पास दबिश दी। यहां से पुलिस ने दो पाली निवासी आरोपियों गोलू पटेल और चरगवां निवासी निर्भय सिंह को रंगे हाथों पकड़ा। इनके पास से 22 पाव देशी मसाला शराब जब्त की गई है। पुलिस ने आरोपियों पर आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है। वहीं बरही थाना क्षेत्र के पिपरिया स्थित झिरिया नर्सरी तालाब के पास दबिश देकर रविन्द्र कुमार सोनकर को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी के पास से पुलिस 45 पाव देशी प्लेन शराब, 46 पाव देशी लाल मसाला शराब, 15 नग बीयर जब्त की गई है। जब्त की गई शराब की कीमत करीब दस हजार 450 रूपए आंकी गई है। आरोपी के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है।

### सहकारिता उद्योग समिति की बैठक 13 को

**नवभारत, कटनी।** जिला पंचायत की सहकारिता उद्योग समिति की बैठक 13 फरवरी को दोपहर 12 बजे से जिला पंचायत सभागार में आयोजित की गई है। बैठक के दौरान खरीफ उपार्जन 2025-26, रबी उपार्जन 2026-27 की तैयारियों, सार्वजनिक वितरण प्रणाली और रासायनिक उर्वरकों, बीजों के भंडारण और उनके वितरण की समीक्षा की जाएगी। आयोजित की गई बैठक में समिति के सभापति और सदस्य उपस्थित रहेंगे।

# बकाया कर वसूली के लिए डोर-टू-डोर संपर्क शुरू

**बकायादारों को सुविधा, अवकाश के दिन भी खुल रहे कार्यालय**



**नवभारत, कटनी।** वित्तीय वर्ष समाप्ति के बचे 52 दिनों में निगम के बकाया करों की वसूली कर निर्धारित लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए नगर निगम की राजस्व टीम बकाया करों की वसूली के लिए सक्रिय हो गई है। कर वसूली के लिए जहां एक ओर वार्डो में शिविर लगाए जा रहे हैं, तो वहीं अवकाश के दिनों में भी नगर निगम कार्यालय के टैक्स काउंटर खोले जा रहे हैं। इसके साथ ही राजस्व विभाग की टीम बकायादारों से डोर-टू-डोर संपर्क कर टैक्स वसूली की जा रही है। राजस्व अधिकारी जागेश्वर प्रसाद पाठक ने बताया कि बकाया करों की वसूली और बकायादारों की सुविधा के मद्देनजर अवकाश के दिन भी नगर निगम कार्यालय सहित सभी जोन कार्यालयों के साथ-साथ शिविरों के तहत सुभाष चौक और मंगल नगर गेट के पास स्थित काउंटर खोले जाकर नागरिकों को बकाया करों को जमा करने की सुविधा की गई। वहीं दूसरी ओर गठित दल द्वारा बकाएदारों से संपर्क कर टैक्स की राशि वसूली की जा रही है। संपत्तिकर, जलकर, दुकान किराया सहित अन्य निगम के टैक्सों की राशि नगर निगम कोष में जमा कराने की कार्रवाई की जा रही है। राजस्व अधिकारी ने बताया कि बकायादारों की सुविधा के लिए रविवार को भी नगर निगम कार्यालय का कक्ष क्रमांक 37 खोला गया है। जोन कार्यालय के साथ रोशन नगर स्थित परौहा मार्केट और मंगल नगर गेट के पास शिविर लगाए गए हैं।

# महिलाओं के सशक्तिकरण की नई दिशा तय करेगा केन्द्रीय बजट

**सांसद वीडी शर्मा ने बजट पर महिलाओं से किया संवाद**



**नवभारत, कटनी।** केंद्रीय बजट को लेकर भारतीय जनता पार्टी द्वारा होटल स्वाद रेस्टोरेंट में महिला संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में खजुराहो-कटनी लोकसभा सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने कहा कि यह बजट देश की मातृ शक्ति के सशक्तिकरण की नई दिशा तय करेगा। उन्होंने कहा कि भारत की अर्थव्यवस्था में महिलाओं का योगदान विश्व स्तर पर स्वीकार किया गया है। घर-परिवार की जिम्मेदारियों के साथ-साथ देश के विकास में महिलाओं की सक्रिय भागीदारी किसी से छिपी नहीं है। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि आर्थिक मंदी के दौर में भी भारत की अर्थव्यवस्था की मजबूती के पीछे देश की मातृ शक्ति की अहम भूमिका रही है, जिसे वैश्विक शोधों में भी रेखांकित किया गया है। सभी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की विकसित भारत की कल्पना को इस बजट के माध्यम से वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने साकार किया है, हमे गर्व है कि देश की नारी शक्ति ने लगातार नोवीं बार बजट प्रस्तुत कर महिला शक्ति का अहसास कराया है। महिला संवाद के दौरान श्रीमती श्रेहा खंडेलवाल, वंदना गेलानी और अनुपमा सिंह ने बजट से जुड़े विभिन्न विषयों पर प्रश्न रखे, जिन पर अतिथियों ने विस्तार से चर्चा की। कार्यक्रम का संचालन जिला उपाध्यक्ष अंकिता तिवारी ने किया, जबकि आभार प्रदर्शन जिला महामंत्री मनीष देव मिश्रा ने किया। कार्यक्रम में श्यामली बैनर्जी द्वारा गीत प्रस्तुत किया। स्मृति दहायत द्वारा सरस्वती वंदना का गायन किया।

अवसर पर मंचासीन अतिथियों में सांसद विष्णुदत्त शर्मा, जिलाध्यक्ष दीपक टंडन, विधायक प्रणय पांडेय, जिला पंचायत अध्यक्ष सुनीता मेहरा, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अलका जैन, शशांक श्रीवास्तव, जिला महामंत्री मनीष देव मिश्रा तथा जिला उपाध्यक्ष अंकिता तिवारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक टंडन, पूर्व विधायक अलका जैन, जिला पंचायत अध्यक्ष सुनीता मेहरा, डॉ उमा निगम, सीए पारुल चमड़िया, सीए कीर्ति, डॉ ऋतिका साहनी आहूजा, डॉ शैफाली गुप्ता, डॉ निधि बजाज, ममता गर्ग, सुनीता चौदहा, सीमा जैन सकूरा सहित अन्य की उपस्थिति रही।

# परीक्षा जीवन का एक महत्वपूर्ण चरण, लेकिन यह अंतिम लक्ष्य नहीं

**छात्र आत्म मूल्यांकन कर लक्ष्य के प्रति रहें सजग**



**नवभारत, कटनी।** शासकीय तिलक कॉलेज में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम का सजीव प्रसारण किया गया। कार्यक्रम में कॉलेज के छात्रों के साथ-साथ शैक्षणिक और अशैक्षणिक कर्मियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्राचार्य का दायित्व का निर्वहन कर रहे डॉ आरपी मिश्रा ने कहा कि परीक्षा जीवन का एक महत्वपूर्ण चरण है, लेकिन यही जीवन का अंतिम लक्ष्य नहीं है। छात्रों को आत्मविश्वास, अनुशासन और सकारात्मक सोच के साथ परीक्षा में सम्मिलित होना चाहिए। प्रधानमंत्री द्वारा दिए गए मार्गदर्शन से छात्रों को मानसिक सशक्तिकरण की दिशा में नई ऊर्जा प्राप्त होती है। प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में छात्रों को परीक्षा के तनाव से मुक्त रहने, समय प्रबंधन, आत्म मूल्यांकन और लक्ष्य के प्रति सजग रहने के कहा। उन्होंने पढ़ाई को बोझ नहीं, बल्कि आनंदपूर्ण सीखने की प्रक्रिया के रूप में अपनाने पर बल दिया। इस अवसर पर कॉलेज के प्रोफेसर और छात्रों की उपस्थिति रही।

# रेत का अवैध परिवहन करने पर दो डंपर जब्त

**जिले में सिर्फ तीन भंडारण से रेत उठाव की अनुमति**




**नवभारत, कटनी।** जिले में अवैध उत्खनन और परिवहन के खिलाफ कार्रवाई करने के कलेक्टर आशीष तिवारी द्वारा जिला टास्क फोर्स की बैठक में दिए गए निर्देश के पालन में पुलिस और खनिज विभाग की संयुक्त टीम ने कार्रवाई करते हुए बड़वारा के मझगवां क्षेत्र में दबिश देकर रेत का अवैध परिवहन कर रहे दो डंपरों को जब्त किया। खनिज विभाग के उपसंचालक खनिज रत्नेश दीक्षित ने बताया कि खनिज विभाग की टीम ने सघन चेकिंग के दौरान बरही तिराहा के पास एक बिना नंबर वाले डंपर को रोका। जांच करने पर वाहन के पास खनिज परिवहन से संबंधित कोई भी वैध दस्तावेज नहीं मिले। वहीं, दूसरी कार्रवाई मझगवां बायपास के पास की गई है, जहां एक डंपर ईटीपी में दर्ज मात्रा से कहीं अधिक रेत ले जाते हुए पाया गया। इसके बाद दोनों मामलों में अवैध परिवहन का प्रकरण दर्ज कर वाहनों को कुठला पुलिस थाने में सुरक्षित खड़ा करा दिया गया है। उपसंचालक ने बताया कि वर्तमान में जिले में सिर्फ तीन स्थानों पर पूर्व भंडारित रेत के उठाव की अनुमति दी गई है।

# अधिकारियों ने देखी टेस्टिंग और चिलिंग की प्रक्रिया

**समितियों को सक्रिय करने और मिल्क कलेक्शन बढ़ाने के निर्देश**



**नवभारत, कटनी।** कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देश पर डिप्टी कलेक्टर प्रदीप मिश्रा, उपसंचालक पशुपालन डॉ आर के सोनी ने संयुक्त रूप से सांची मिल्क चिलिंग प्लांट स्लीमानाबाद का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान दुग्ध संकलन, सैम्पलिंग, फैट टेस्टिंग, चिलिंग और डिस्ट्रीब्यूशन तक पूरी प्रक्रिया का जायजा लिया गया। साथ ही निष्क्रिय समितियों को सक्रिय करने के लिए और मिल्क कलेक्शन बढ़ाने के लिए निर्देश दिए गए। इसके साथ ही कृत्रिम गर्भाधान केन्द्र स्लीमनाबाद का भी निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान दोनों संस्थाओं में पानी और एप्रोच रोड की समस्याओं के तत्काल निराकरण के लिए नायब तहसीलदार आकाशदीप नामदेव, स्थानीय सरपंच प्रतिनिधि, गुड्डन सिंह को कार्रवाई करने के लिए कहा। भ्रमण में डॉ देवांगना चतुर्वेदी, सांची सर्वेयर अनिरुद्ध गौतम, राकेश गर्ग, राजेन्द्र यादव सहित कर्मचारी उपस्थित रहे।

# संकल्प से समाधान अभियान की जमीनी हकीकत का लिया जायजा

**क्षेत्रीय प्रबंधक ने ग्रामीण क्षेत्र पहुंचकर किया निरीक्षण**



**नवभारत, कटनी।** मध्य प्रदेश स्टेट सिविल सप्लाइज कॉरपोरेशन लिमिटेड की क्षेत्रीय प्रबंधक श्रीमती साधना परस्ते ने जनपद पंचायत कटनी अंतर्गत ग्राम पंचायत पड़ुआ और ग्राम पंचायत गनियारी में संकल्प से समाधान अभियान की गतिविधियों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने डोर-टू-डोर सर्वे, विभिन्न विभागों से प्राप्त आवेदनों और उनके निराकरण की प्रगति की जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान क्षेत्रीय प्रबंधक ने स्वयं ग्रामीणों के घर पहुंचकर जमीनी स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने ग्राम पंचायत गनियारी में हितग्राही शकुन हल्दकर के घर पहुंचकर सर्वे दल द्वारा की जा रही सेवाओं की जानकारी ली। वहीं ग्राम पंचायत पड़ुआ में सोम बाई पटेल के निवास पर जाकर उनके परिवार की स्थिति समझते हुए उन्हें किन-किन शासकीय योजनाओं का लाभ दिलाया जा सकता है, इस संबंध में चर्चा की।

मध्यप्रदेश स्टेटे सिविल सप्लाइज कॉरपोरेशन की क्षेत्रीय प्रबंधक ने निर्देशित किया कि शासन की मंशानुसार इस अभियान में सम्मिलित सभी विभागों के अधिकारी घर-घर पहुंचकर पात्र ग्रामीणों का चिन्हांकन करें और उन्हें समय-सीमा में योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए समन्वित प्रयास करें। इस अवसर पर जनपद पंचायत कटनी से विकासखंड समन्वयक जग्गी पटेल और सर्वे दल के सदस्य उपस्थित रहे।

नवाचार — कृषि के क्षेत्र में नवाचार कर किसान बना आत्मनिर्भर, आधुनिक तकनीक से उगाए जा रहे टमाटर

# तकनीक से की टमाटर खेती, बेहतर हुआ उत्पादन, हर सीजन में 5 से 6 लाख की आमदनी



**नवभारत, कटनी।** ज़िले के बहोरीबंद के ग्राम अमगवा इंद्रा कॉलोनी डिहुटा निवासी प्रगतिशील किसान कपूरा चौधरी ने नवाचार और आधुनिक कृषि तकनीक को अपनाकर सफलता की नई मिसाल कायम की है। किसान कपूरा चौधरी के पुत्र सोनू चौधरी जो खुद टमाटर सहित अन्य सब्जियों गोभी, मूली, मटर और गर्मियों के मौसम में खीरा की खेती में पिता के साथ हाथ बंटाते हैं, उन्होंने बताया कि तीन एकड़ में ड्रिप मल्चिंग तकनीक से टमाटर की खेती शुरू की है और अब हर सीजन में 5 से 6 लाख रुपए की आमदनी हो जाती है। वे बताते हैं कि टमाटर के बाजार भाव के मुताबिक सीजन में आय में बढ़ोतरी और कमी होती रहती है। वे बताते हैं कि पारंपरिक गेहूं और धान की खेती की तुलना में कम लागत में सब्जियों की खेती से अधिक आमदनी हो जाती है। किसान सोनू चौधरी ने बताया कि ड्रिप मल्चिंग की लागत हर साल करीब एक लाख रुपए का खर्चा आता है। इसके अलावा टमाटर की खेती में प्रति एकड़ 25 से 30 हजार रुपए की लागत आती है। हार्टीकल्चर एरिया प्रोडेक्शन इन्फारमेशन सिस्टम के आंकड़ों के अनुसार जिले में टमाटर का रकवा 3 हजार 110 हैक्टेयर और उत्पादन लगभग 500 से 600 मैट्रिक टन अनुमानित है। उद्यानिकी विभाग की टीम ने भी खेत पर पहुंचकर इस नवाचार को देखा और किसान द्वारा अपनाई गई तकनीकों की सराहना की। किसान कपूरा की यह पहल क्षेत्र के अन्य किसानों के लिए प्रेरणास्त्रोत है, जो यह संदेश देती है कि नवाचार, तकनीक और मेहनत के साथ कृषि को लाभ का व्यवसाय बनाया जा सकता है।

कलेक्टर आशीष तिवारी ने कृषि और उद्यानिकी विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया है कि जिले के किसानों को प्राकृतिक और जैविक खेती के लिए प्रोत्साहित किया जाए। साथ ही जिले मे टमाटर फसलोच्छादन क्षेत्र में बढ़ोत्तरी की जाए। टमाटर उत्पादन के नजरिए से जिले की अनुकूल परिस्थितियों के मद्देनजर यहां के टमाटर का स्वाद और गुणवत्ता बेहतर होता है। जिससे जबलपुर, शहडोल सहित आस-पास के जिलों की कृषि उपज मंडियों में इसकी खासी मांग बनी रहती है। अन्य जगहों के टमाटरों की तुलना मे कटनी का टमाटर ज्यादा दिनों तक चलता है। इसलिए जिले के टमाटर के जायके के दीवानों की संख्या जितनी कटनी में है, उससे कहीं अधिक संख्या अन्य जिलों में है।

# साइबर सुरक्षा, एआई पर जागरूकता व्याख्यान 10 को

**नवभारत, कटनी।** छात्रों को सुरक्षित और जिम्मेदार इंटरनेट उपयोग, साइबर हाइजीन, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के विवेकपूर्ण उपयोग के संबंध में जागरूक करने के लिए कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देश पर इंटरनेट सेफर डे के अवसर पर शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज कटनी में मंगलवार 10 फरवरी को सुबह 10 बजे से एनआईसी द्वारा विशेष जागरूकता व्याख्यान आयोजित किया गया है। कलेक्टर ने पॉलिटेक्निक कॉलेज के प्राचार्य को कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए सभी आवश्यक व्यवस्था बनाए जाने के लिए कहा है। उन्होने कहा कि सभागार में छात्रों की उपस्थिति, तकनीकी सुविधाएं और आवश्यक समन्वय बनाकर कार्य किया जाए। गौरतलब है कि इंटरनेट सेफर डे प्रतिवर्ष वर्ष 10 फरवरी को मनाया जाता है। इस वर्ष यह कार्यक्रम स्मार्ट टेक, सेफ च्वाइसेस- एक्सप्लोरिंग द सेफ एण्ड रिस्पोन्सिबल यूज ऑफ एआई की थीम पर केन्द्रित होगा। जागरूकता व्याख्यान से छात्रों को जागरूक किया जाएगा।

धर्मलोक हॉस्पिटल
A unit of Dharmlok Hospital Pvt. Ltd.
AN ISO 9001 : 2015 CERTIFIED
दूरबीन से पित्त की पथरी की सर्जरी, दूरबीन से अपेंडिक्स सर्जरी, दूरबीन से ओपन पेट की सर्जरी, उन्नत तकनीक (स्टेपलर/लेटर) के फिस्टुला सर्जरी, स्तन सर्जरी, किडनी/ प्रोस्टेट/मूत्रालशय सर्जरी, मधुमेह पैर की देखभाल/सर्जरी, तीव्र और जीर्ण घाव प्रबंधन।
सामान्य एवं सिजेरियन डिलीवरी, अंडेदानी की गठान, उच्च जोखिम वाली गर्भावस्था, नि:संतानता, बच्चेदानी निकालना, सफेद पानी का इलाज, गर्भवती महिलाओं की सोनोग्राफी, बार-बार गर्भपात होना, पॉलिसिस्टिक ओवेरियन डिजीज/सिंड्रोम।
डॉ. राजेश बत्रा — एम.एस., एफ.एम.ए.एस., एफ.आई.ए.जी.ई.एस., एफ.ए.आई.एस. — जनरल और लैप्रोस्कोपिक सर्जन
डॉ. हर्षा बत्रा — एमडी (ओबीजी) सोनोग्राफी डिप्लोमा — स्त्री, प्रसूति एवं बांझपन विशेषज्ञ
आयुष्मान कार्डधारी मरीजों का एवं हेल्थ इंश्योरेंस कार्ड धारी मरीजों का नि:शुल्क इलाज किया जाता है।
ओपीडी सुबह 11:00 बजे से सायं 5:00 बजे तक
पता-आदर्श कालोनी रोड, कटनी (म.प्र.)
Ph. 07622-422390, 796084 Help line 24x7: 8305402024